सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

प्रेस विज्ञप्ति–2

राज्यपाल ने 10वीं एवं 12वीं की उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राजभवन देहरादून 30 अप्रैल, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद द्वारा जारी कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल ने कहा है कि विद्यार्थियों ने जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव पार किया है, जो उनकी मेहनत और लगन का परिणाम है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि सफल छात्र–छात्राएं भविष्य में भी प्रगति के मार्ग पर अग्रसर रहेंगे तथा समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देंगे। उन्होंने कहा की जिन विद्यार्थियों के नतीजे आशा के अनुरूप नहीं आए हैं या सफल नहीं हो सके हैं वे कतई निराश न हों। उन्होंने कहा कि असफलता एक रुकावट नहीं है, बल्कि एक नया आरंभ का द्वार है। अपनी मेहनत और उत्साह के साथ आगे बढ़ें, पुनः मेहनत करें, और अपने सपनों को पूरा करें।

..........0...........